# रैट-होल माइनिंग

## प्रिलिम्स के लिये:

रैट-होल माइनिंग, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT), अनुच्छेद 371A, कोयला

## मेन्स के लिये:

अनुच्छेद 371A की सीमाएँ और चुनौतियाँ, सतत् खनन प्रथाएँ, रैट-होल खनन, पर्यावरण प्रदूषण और गरिावट

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

वर्तमान प्रतिबंधों के बावजूद, **असम के दीमा हसाओ ज़िले में हुई** रैट-होल माइनिंग की दुर्घटना, जिसमें बाढ़ के बाद नौ खनिक एक अवैध कोयला खदान में फंस गए थे, अनियमित खनन के लगातार जारी खतरों को उजागर करती है।

- इसके अलावा, केरल के **पलक्कड़** में **कुट्टुपथ ट्रेंचिंग ग्राउंड में बायोमाइनिंग** का कार्य किया जा रहा है।

## रैट-होल माइनिंग क्या है?

- **परिचय:**
    - **रैट-होल माइनिंग** कोयला **खनन** की एक **आदिम, अपरिष्कृत, श्रम-प्रधान तथा खतरनाक** तकनीक है।
- इसमें ज़मीन में **बहुत छोटी सुरंगें खोदी** जाती हैं, जो आमतौर पर केवल **3-4 फीट गहरी और 2 से 3 फीट चौड़ी होती हैं**, जिसमें श्रमिक, अधिकतर बच्चों की मदद कोयला निकाला जाता है।
    - यह प्रथा आमतौर पर **पूर्वोत्तर भारत, विशेषकर मेघालय और असम में** प्रचलित है।
- **निष्कर्षण की विधियाँ:**
    - **साइड-कटिंग प्रक्रिया**: इसमें पतली कोयला परतों तक पहुँचने के लिये **पहाड़ी ढलानों** में संकरी सुरंगें खोदना शामिल है, जो आमतौर पर 2 मीटर से कम ऊँचाई की होती हैं तथा क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में पाई जाती हैं।
    - **बॉक्स-कटिंग:** इस विधि में, **पहले एक आयताकार होल बनाया जाता है,** उसके बाद **एक ऊर्ध्वाधर गड्ढा खोदा जाता है।**
        - फिर कोयला निकालने के लिये चूहे के बिल जैसी क्षैतिज सुरंगें खोदी जाती हैं।
- **रैट-होल माइनिंग के कारण:**
    - **गरीबी: सीमित आजीविका विकल्पों** के कारण, स्थानीय जनजातीय समुदाय अक्सर जीवित रहने के साधन के रूप में रैट-होल माइनिंग की ओर रुख करते हैं।
        - उच्च जोखिम के बावजूद, निकाले गए कोयले को बेचने से होने वाला तत्काल वित्तीय लाभ, आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे लोगों के लिये एक महत्त्वपूर्ण आकर्षण है।
    - **भूमि स्वामित्व संबंधी मुद्दे: भूमि के स्वामित्व में अस्पष्टता और उचित विनियमन का अभाव,** अवैध खनन परिचालनों के लिये **शासन में खामियों का फायदा उठाने** तथा बिना किसी जवाबदेही के जारी रहने के अवसर उत्पन्न करता है।
    - **कोयले की मांग:** कोयले की कानूनी और अवैध दोनों तरह की **निरंतर मांग इस प्रथा को कायम** रखती है।
        - **बिचौलिये और अवैध व्यापारी** अवैध रूप से खनन किये गए कोयले के लिये बाज़ार बनाकर इस चक्र को और आगे बढ़ाते हैं।

## रैट-होल खनन से संबंधित चुनौतियाँ क्या हैं?

- **सुरक्षा जोखिम:** संकरी सुरंगों के **ढहने का खतरा रहता है, जिससे प्रायः खनिक फंस जाते हैं**, जबकि **खराब वेंटिलेशन के कारण दम घुटने की समस्या होती है। सुरक्षा उपायों** के अभाव के कारण अक्सर **दुर्घटनाएँ होती हैं, खनिकों को चोट लगती है और प्राण घातक रोग होते हैं।**
    - **उदाहरण: नगालैंड** में वर्ष 2024 के वोखा खदान विस्फोट में 6 लोगों की मृत्यु हुई, जबकि मेघालय में वर्ष 2018 के **कसन खदान में बाढ़**

**आने से** 17 खनिकों की मृत्यु हुई।

- **पर्यावरणीय प्रभाव:** रैट-होल खनन से **वनोन्मूलन,** मृदा अपरदन और **जल प्रदूषण में वृद्धि** होती है।
  - खनन कार्यों से **उत्पन्न अपशिष्ट का उचित निपटान न करने से अम्लीय अपवाह** (एसिड माइन ड्रेनेज, या AMD) होता है, जो **जल की गुणवत्ता को प्रभावित करता है** और समीपवर्ती पारिस्थितिकी तंत्र में **जैवविविधता को नुकसान पहुँचाता है।**
  - **उदाहरण: मेघालय में, AMD से लुखा** जैसी नदियाँ अम्लीय हो गई हैं, जबकि नगालैंड में, खनन से **वोखा** और **मोन ज़िलों की उपजाऊ भूमि का नाश हुआ तथा जल प्रदूषित हुआ।**
- **सामाजिक मुद्दे:** इससे **बाल श्रम और अल्प वेतन वाले श्रमिकों का शोषण होता है।** इसके साथ ही, स्थानीय समुदायों का विस्थापन भी होता है।
  - **गैर सरकारी संगठन इम्पल्स** की रिपोर्ट के अनुसार **70,000** बाल श्रमिक, मुख्य रूप से **बांग्लादेश और नेपाल के**, खदानों के **छोटे आकार के कारण संकरी सुरंगों में से कोयले निकालने हेतु नियोजित किये गए थे।**

## रैट होल खनन का विनियमन किस प्रकार किया जाता है?

- **भारत में विनियमन:**
  - **भारत में स्थिति:**
    - **रैट होल खनन अवैध** है और **विधि तथा व्यवस्था के विषय** के रूप में इसका समाधान किये जाने पर **राज्य/ज़िला प्रशासन** की अधिकारिता है।
  - **राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) द्वारा प्रतिबंध:**
    - वर्ष 2014 में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) ने अनेक दुर्घटनाएँ होने के कारण, विशेषकर मानसून ऋतु में, **रैट-होल खनन पर प्रतिबंध** लगा दिया था।
    - **जुलाई 2019** में **भारत के सर्वोच्च न्यायालय** ने मेघालय में **रैट होल खनन** पर प्रतिबंध को मान्य ठहराया, जो मूल रूप से **NGT द्वारा** वर्ष 2014 में लगाया गया था।
      - **सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957** के तहत इस प्रकार खनन **विधिविरुद्ध** था।
  - **नगालैंड में रैट-होल खनन का विनियमन:** नगालैंड कोयला नीति, 2006 **के अंतर्गत कठोर शर्तों के तहत व्यक्तिगत भू स्वामियों को लघु पॉकेट डिपॉज़िट लाइसेंस (SPDL)** प्रदान कर रैट-होल खनन का विनियमन किया जाता है।
    - अनुच्छेद 371A **के तहत नगालैंड को भूमि, संसाधनों और प्रथागत कानूनों की रक्षा के लिये स्वायत्तता प्रदान की गई है, जिससे** खनन प्रथाओं को विनियमित करने में विधिक बाधाएँ उत्पन्न होती हैं।
- **छठी अनुसूची:** छठी अनुसूची **स्वायत्त ज़िला परिषदों (ADC)** के माध्यम से मेघालय, मिज़ोरम, त्रिपुरा और असम में **जनजातीय क्षेत्रों को स्वायत्तता प्रदान करती है,** जिससे खनन विनियमन जटिल हो जाता है।
  - स्थानीय **जनजातीय समुदायों के पास भूमि और खनिज दोनों का स्वामित्व है,** जिससे राष्ट्रीय खनन और पर्यावरण कानूनों पर **केंद्रीय निगरानी तथा प्रवर्तन सीमित हो जाता है।**
  - **भूमि और संसाधनों पर विधान निर्मित करने के ADC के अधिकार** का प्रायः **MMDR अधिनियम, 1957** के तहत केंद्रीय विनियमनों के साथ संघर्ष होता है, जिससे विनियामक अस्पष्टताएँ उत्पन्न होती हैं।
- **अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ:** रैट-होल खनन से संबंधित **कोई विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय कानून नहीं** है।
  - हालाँकि, अंतर्राष्ट्रीय नियमों में सतत् खनन विधियों को बढ़ावा दिया गया है और **श्रमिक सुरक्षा को प्राथमिकता** दी गई है, जिससे अप्रत्यक्ष रूप से सदस्य देश समान प्रथाओं को अपनाने के लिये प्रभावित होते हैं।

## बायोमाइनिंग क्या है?

- **परिचय:**
  - बायोमाइनिंग का तात्पर्य **सूक्ष्मजीवों** जैसे बैक्टीरिया, आर्किया, **कवक** या पौधों का उपयोग करके अयस्कों और अन्य ठोस पदार्थों से **धातुओं के निष्कर्षण** से है।
  - यह एक **पर्यावरण-अनुकूल तकनीक** है जिसका प्रयोग धातु प्रदूषकों से प्रदूषित **स्थलों के उपचार** के लिये भी किया जा सकता है।
  - इससे **धातुओं को ऑक्सीकरण** द्वारा निकाला जाता है जिससे ये **अधिक घुलनशील** हो जाती हैं **और उन्हें पुनः प्राप्त करना आसान हो जाता है।** इसकी दो मुख्य प्रक्रियाएँ हैं:
    - **बायोलीचिंग:** सूक्ष्मजीव **लक्षित धातु** को सीधे ही घोल देते हैं, जिससे निष्कर्षण आसान हो जाता है।
    - **जैवऑक्सीकरण:** सूक्ष्मजीव **आसपास के खनिजों** को तोड़ते हैं, जिससे लक्षित धातु का निष्कर्षण सुगम हो जाता है।
- **बायोमाइनिंग के माध्यम से निष्कर्षित धातुएँ**
  - **बायोमाइनिंग से मुख्य रूप से तांबा, यूरेनियम, निकिल और सोना** जैसी धातुओं का निष्कर्षण किया जाता है, जो आमतौर पर **सल्फाइड खनिजों** में पाई जाती हैं।
- **बायोमाइनिंग के लाभ:**
  - **पर्यावरणीय स्थिरता:** पारंपरिक खनन की तुलना में इससे न्यूनतम खतरनाक अपशिष्ट के साथ **कार्बन का कम उत्सर्जन** होता है।
  - **ऊर्जा दक्षता:** इसमें **कम ऊर्जा की आवश्यकता** के साथ ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम होता है।
  - **जल का कम उपयोग:** इसमें जल का अधिक कुशलतापूर्वक उपयोग होता है, जिससे यह जल की कमी वाले क्षेत्रों के लिये लाभदायक है।
- **बायोमाइनिंग की चुनौतियाँ:**
  - **धीमी निष्कर्षण दर:** पारंपरिक खनन की तुलना में बायोमाइनिंग एक **धीमी प्रक्रिया** है, जिससे यह **बड़े पैमाने पर संचालन के लिये कम उपयुक्त** है।
  - **सीमित दायरा: सभी अयस्क जैवखनन के लिये उपयुक्त नहीं** होते हैं, विशेष रूप से वे जिनमें **ऐसी धातुएँ नहीं होती हैं** जिन्हें सूक्ष्मजीवों

द्वारा आसानी से ऑक्सीकृत किया जा सके।
- **तकनीकी चुनौतियाँ**: इस प्रक्रिया के लिये **सूक्ष्म जीव विज्ञान से संबंधित तकनीकी की आवश्यकता** होती है और इसमें जटिल परिचालन स्थितियाँ शामिल हो सकती हैं, जिससे इसका संचालन जटिल हो जाता है।

## इलेक्ट्रोकाइनेटिक प्रौद्योगिकी

- **परिचय:**
  - **इलेक्ट्रोकाइनेटिक माइनिंग (EKM)** दुर्लभ मृदा तत्वों के निष्कर्षण के लिये एक **नवीन, पर्यावरण-अनुकूल तकनीक** है।
  - इसमें विद्युत का उपयोग करके **कुशलतापूर्वक माइनिंग** को सक्षम किया जाता है।
- **महत्त्व:**
  - इससे **निक्षालन एजेंट का उपयोग 80%** तथा **ऊर्जा खपत 60%** कम हो जाती है तथा इसमें **95% से अधिक की रिकवरी दर** प्राप्त होती है, जो धारणीय खनन में एक महत्त्वपूर्ण सफलता है।
  - यह नवाचार पर्यावरणीय अनुकूल होने के साथ **दुर्लभ मृदा तत्त्वों (REE) की पुनःप्राप्ति** को सक्षम बनाता है।




Electrokinetic Remediation Process

दृष्टि मुख्य परीक्षा प्रश्न:

प्रश्न: भारत में रैट-होल खनन से उत्पन्न पर्यावरणीय और सुरक्षा चुनौतियों का परीक्षण कीजिये। इन मुद्दों को कम करने एवं धारणीय खनन प्रथाओं को बढ़ावा देने के उपाय बताइये।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

**Q. "पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव के बावजूद, कोयला खनन अभी भी विकास के लिये अपरिहार्य है" चर्चा कीजिये। (2017)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rat-hole-mining-2